(a) रु.1.5 लाख (b) रु.2 लाख
(c) रु.3 लाख (d) इनमें से कोई नहीं

**सहायक जनसम्पर्क अधिकारी भर्ती-29.09.2022**

**Ans. (a) :** कृषि उपज रहन ऋण योजना के अंतर्गत छोटे और सीमांत किसानों को राजस्थान सरकार की तरफ से 1.5 लाख रूपये तक का ऋण दिया जायेगा। ऋण पर किसान 3% की दर से ब्याज की अदायगी करेगा जबकि शेष ब्याज का भुगतान सरकार द्वारा बैकों को किया जायेगा।

**1397. भरतपुर व करौली जिले, राजस्थान के कौन से कृषि-जलवायु खण्ड के अन्तर्गत आते हैं?**
(a) III B (b) III A
(c) IV A (d) IV B

**Agriculture Superviser 2021**

**Ans. (a) :** भरतपुर और करौली जिले राजस्थान के III B कृषि जलवायु खण्ड के अन्तर्गत आते हैं। अलवर, धौलपुर, सवाई माधोपुर जिले भी राजस्थान के III B कृषि जलवायु खण्ड के अंर्तगत आते हैं। राजस्थान के जलवायु के आधार पर 10 कृषि जलवायु क्षेत्रों में विभाजित किया गया है।

**1398. राजस्थान में प्रमुख मक्का उत्पादक जिले हैं-**
(a) सवाई माधोपुर और करौली
(b) भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़ और उदयपुर
(c) गंगानगर और हनुमानगढ़
(d) कोटा और बारां

**Agriculture Superviser 2021**

**Ans. (b) :** राजस्थान में प्रमुख मक्का उत्पादक जिले भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़ और उदयपुर हैं। इस फसल हेतु लाल-काली मिट्टी के साथ उच्च तापमान और वर्षा की आवश्यकता होती है। मक्का राजस्थान का मुख्य भोजन है। विशेष रूप से मेवाड़ क्षेत्र में सर्दियों के मौसम में बड़े चाव से खाया जाता है। वर्ष 2020 में राजस्थान में कुल मक्का उत्पादन 121 मिलियन टन था। राजस्थान देश का कुल उत्पादन का 3.69% उत्पादिक मक्का करता है।

**1399. राजस्थान में वनों को काटकर व जलाकर की जाने वाली कृषि कहलाती है-**
(a) कछाबू (b) पाल
(c) वालरा (d) गमेती

**Gram Vikash Adhikari (Mukhya Pariksha) 09-07-22**

**Ans. (c) :** राजस्थान में वनों को काटकर व जलाकर की जाने वाली कृषि ''वालरा'' कहलाती है। भील जनजाति द्वारा पहाड़ी क्षेत्रों में इसे ''चिमाता'' तथा मैदानी क्षेत्रों में इसे ''दजिया'' कहा जाता है। वालरा कृषि राजस्थान के उदयपुर, डूंगरपुर, तथा बारां जिलों में की जाती है।

**1400. राजस्थान में कौन सी तिलहन की फसल रबी के मौसम में बोई जाती है?**
(a) सरसों (b) मूंगफली
(c) सोयाबीन (d) तिल

**Gram Vikash Adhikari (Mukhya Pariksha) 09-07-22**

**Ans. (a) :** दिए गए विकल्पों में 'सरसों'' रबी मौसम में बोई जाने वाली तिलहनी फसल है। रबी के मौसम में बोई जाने वाली अन्य फसलें-चना, राई, गेहूँ, जौ, अलसी आदि है। खरीफ के मौसम में बोई जाने वाली फसलें-तिल, मूंगफली, सोयाबीन, ज्वार, बाजरा, कपास, मक्का आदि है।

**1401. सिरोही, पाली तथा जालौर जिले, राजस्थान के किस कृषि जलवायु खण्ड के अंतर्गत आते हैं?**
(a) I-A (b) II-A
(c) II- B (d) III-B

**Gram Vikash Adhikari (Mukhya Pariksha) 09-07-22**

**Ans. (c) :** सिरोही, पाली तथा जालौर जिले राजस्थान के "II-B" जलवायु खण्ड के अन्तर्गत आते हैं। जोन-II B को लूनी बेसिन का संक्रमण कालीन मैदानी प्रदेश के नाम से जाना जाता है। इस जोन में औसत वार्षिक वर्षा 300–500 mm होती है। इस जोन की खरीफ की प्रमुख फसल-बाजरा, ज्वार, तिल तथा रबी की प्रमुख फसल गेहूँ, सरसों है। इस जोन का कृषि अनुसंधान स्टेशन ''केशवाना'' जालौर में स्थित है। राजस्थान को 10 कृषि जलवायु प्रदेशों में वर्गीकृत किया गया है।

**1402. निम्नलिखित में से कौन राजस्थान में मरुस्थलीकरण का कारण नहीं है?**
(a) अधिक जुताई (b) अधिक चराई
(c) अधिक जनसंख्या (d) जैविक खेती

**Pashudhan Sahayak Date. 04.06.2022**

**Ans. (d) :** राजस्थान का पश्चिमी क्षेत्र में विशाल मरुस्थलीकरण 'थार' विस्तृत है। धीरे-धीरे इसका विस्तार हो रहा है जिसके अनेक कारण– अधिक जनसंख्या, अधिक जुताई, अधिक चराई, निर्वनीकरण आदि है। जैविक खेती मरुस्थलीकरण के लिए जिम्मेदार नहीं होती है। जैविक खेती से भूमि का उपजाऊपन बढ़ता है।

**1403. ICAR द्वारा राजस्थान कितने कृषि-जलवायु क्षेत्रों में विभाजित किया गया है?**
(a) 08 (b) 10
(c) 12 (d) 14

**वनपाल भर्ती परीक्षा -2020**
**JEN Civil Degree-2020**
**JEN Mechanical Degree Exam-21.08.2016**
**Pashudhan Sahayak Date. 04.06.2022**

**Ans. (b) :** राजस्थान में कुल 10 कृषि जलवायु क्षेत्र है। ICAR द्वारा विभाजित राजस्थान के कृषि जलवायु क्षेत्र निम्न हैं–

| खण्ड | क्षेत्र | क्षेत्रफल (मि. हेक्टेअर) | अन्तर्गत जिले |
|---|---|---|---|
| I A | शुष्क पश्चिमी मैदान | 4.74 | बाड़मेर और जोधपुर का कुछ भाग |
| I B | सिंचित उत्तर-पश्चिम मैदान | 2.10 | श्रीगंगानगर और हनुमानगढ़ |
| I C | अति शुष्क आंशिक सिंचित पश्चिमी मैदानी खण्ड | 7.70 | बीकानेर, जैसलमेर और चुरु |
| II A | आंतरिक जल निकास शुष्क क्षेत्र | 3.69 | नागौर, सीकर, झुंझनू और चुरु का कुछ भाग |
| II B | लूनी, बेसिन का संक्रमणीय क्षेत्र | 3.00 | जलौर, पाली, जोधपुर और सिरोही का कुछ भाग |